संपादकीय

वोट ने निकम्मा कर दिया

सरकार अब बहुत बदल गई थी। पहचान में नहीं आ रही थी। बिल्कुल झुकी-झुकी सी, मानो रीढ़ की हड्डी ही न हो। पहले कभी 'सत्तामय अकड़' के कारण झुक नहीं पाने वाली गर्दन मानो जमीन में गढ़ी हुई थी। सदा बंद रहने वाली आंखें अब चौबीसों घंटे खुली रहने लगी थीं। दरवाजे भी सदा खुले रहते थे। अब सरकार भी क्या करे, चुनाव जो आ गए थे। रात के सन्नाटे में अचानक आहट हुई। सरकार फौरन बाहर भागी। बाहर दरवाजे पर एक अत्यन्त कमजोर अधेड़ व्यक्ति खड़ा था। आखिर वो एक 'मतदाता' कस्टमर था।

'इतनी रात गए, आपने क्यों तकलीफ की। आपको तो बस पोलिंग के दिन खटिया से उठने को कहा था।'

'दरअसल मेरे पास नौकरी नहीं हैं। आप कोई नौकरी दिला दें। मैं वजन तक उठाने को तैयार हूं।'

सरकार हंसने लगी। 'वजन उठाएं आपके दुश्मन। काम की क्या जरूरत है। बहुत हो गया काम। तुम्हारे लिए न जाने कितनी रोजगार योजनाएं चला रखी हैं। बस अगूंठा लगाओ और पैसा लो।'

'जी, वो क्या था पिताजीद..'

'पिताजी को तो वृद्धावस्था पेंशन दिला दी थी ना। अस्पताल में दवाइयां, टेस्ट मुफ्त कर दिए हैं।' सरकार घबरा गई।

'जी नहीं, दरअसल बुआजी के कहने पर।'

'उन्हें विधवा पेंशन तो मिल ही रही हैं।'

'बुजुर्ग हैं, बच्चों की वजह से कभी-कभी परेशान हो जाती हैं।'

'पर बच्चों को तो स्कूली शिक्षा मुफ्त मिल रही हैं। यूनिफार्म और किताबें मिल जाती हैं। मिड डे मील दे ही रहे हैं। छात्रवृत्तियां भी बढ़ा दी हैं। अब तो बच्चों को अलग-अलग टेबलेट व लेपटॉप दे दिया है। मोबाइल फी देने की सोच रहे हैं, भाभीजी को दे देना।'

'बच्चे दिन-रात फेसबुक व चेटिंग में लगे रहते हैं। बड़े होकर क्या करेंगे।'

सरकार हंसने लगी। 'अभी बच्चों की उम्र ही क्या हैं। अभी अठारह साल तक छात्रवृत्ति से काम चलाओ। फिर रोजगार गारंटी कार्य म में लगा देंगे। घर बैठे बिना काम के मजूरी मिल जाएगी। जल्दी ही खाद्य सुरक्षा कार्य म लागू करने वाले हैं। एक-दो रुपए किलो में गेहूं, चावल मिल जाएगा।'

मतदाता हंसने लगा। 'जी, मुफ्त में सब मिल जाता है। बस थोड़ा चिल्लम-ठर्रा और हो जाता तो मजा ही आ जाता।'

अब सरकार भी हंसी, 'इस बार तो इतने से काम चलाओ। अभी हमारा बस एक काम कर दो। सिर्फ हमें वोट दे दो। तुम्हें 'वोट' के बदले सारे आराम दे देंगे।'

मतदाता सरकार से क्या कहता। थकान के मारे आंखें मुंदी जा रही थी। सो राशन की रोटी खाकर चुनाव तक के लिए फिर नींद में खो गया। अब भला उसकी भी क्या गलती थी। बस एक वोट ने निकम्मा कर दिया, नहीं तो यह भी बिचारा आदमी था काम का।

एचटीसी स्मार्टफोन व्यापार नहीं छोड़ रही : रिपोर्ट

ताइपे (आरएनएस)। ताइवान की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी एचटीसी ने उन खबरों को बकवास बताया है, जिनमें कहा गया था कि कंपनी अब स्मार्टफोन व्यापार छोड़ रही है। डिजीटाइम्स की गुरुवार की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कहा है कि वह इस साल के अंत और 2019 की शुरुआत तक नए उपकरण लांच करने जा रही है। स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ने कहा है कि वह एचटीसी यू12 लाइफ के छह जीबी रैम और 128

जीबी इंटरनल मेमोरी वाले उन्नत संस्करण को दिसंबर खत्म होने तक लाने पर विचार कर रही है।

गुरुवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, एचटीसी ने कहा कि वह स्मार्टफोन का व्यापार नहीं छोड़ रही है, क्योंकि वह मानती है कि हैंडसेट मानव जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है और मोबाइल डिवाइसेज के भविष्य के विकास के लिए वीआर प्रौद्योगिकी प्रमुख भूमिका निभाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, अपने वीआर प्लेटफॉर्म के सुधार को जारी रखने और अपने वीआर/एआर को और समृद्ध करने के अतिरिक्त एचटीसी ने कहा कि वह 5जी के समय में अपनी नई डिवाइसेज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन और 5जी जैसी प्रौद्योगिकियों को शामिल करने पर भी बल देगी।

यह बयान कंपनी द्वारा इसके इंस्टाग्राम पेज पर ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी से लैस स्मार्टफोन एक्सोडस को लांच करने की तैयारी की घोषणा करने के एक महीने बाद आया है।

एक्सोजस एचटीसी वाइव के संस्थापक फिल चेन के दिमाग की उपज है जिन्हें वाइव वर्चुअल रियलिटी (वीआर) हेडसेट का भी श्रेय दिया जाता है।

छुट्टियों पर स्पाइसजेट का यात्रियों को तोहफा

नॉनस्टॉप करें दिल्ली से हांगकांग तक का सफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। किफायती विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने दिल्ली-हांगकांग-दिल्ली मार्ग पर रोजाना नॉनस्टॉप उड़ान की शुरुआत की है।

स्पाइसजेट के मुताबिक, बैंकॉक, कोलंबो, दुबई, ढाका, काबुल, माले और मस्कट के बाद हांगकांग एयरलाइन का आठवां गंतव्य है।

नोटबंदी में भी प्रभावित नहीं हुआ ये बाजार, सरकार को हुआ इतना मुनाफा

केन्द्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने शुक्रवार को इस बात से इंकार किया कि नोटबंदी के कारण किसान बीज खरीदने से वंचित रह गए.

केन्द्रीय मंत्री ने एग्रो विजन एक्जीविशन में कहा कि बीजों को खरीदने के लिये चलन से बाहर किये गये नोटों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध नहीं था. आंकड़े बताते हैं कि नोटबंदी के बाद, पहले के साल की तुलना में बीजों की खरीद में इजाफा हुआ था.

मीडिया रिपोर्ट्स ने किया है ये दावा कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि कृषि मंत्रालय की एक रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि नवंबर 2016 में नोटबंदी के कारण नकदी की किल्लत से किसान बीज नहीं खरीद सके थे. इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने दावा किया कि पिछले चार सालों में उनकी सरकार की ओर से राज्य के किसानो के खातों में 48 हजार

सीबीडीटी चेयरमैन सुशील चंद्रा ने नोटबंदी के फायदे बताते उन्होंने कहा है पिछले साढ़े चार साल में देश में करदाताओं की संख्या बड़ी है. खासकर नोटबंदी के बाद इसमें उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है.

कोच के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां जनता हूं : हेनरी

मोनाको (आरएनएस)। फ्रेंच लीग में इस सीजन मुश्किलों से जूझ रहे क्लब मोनाको के मुख्य कोच थिएरी हेनरी का कहना है कि वह एक कोच के रूप में अपनी जिम्मेदारियों से अवगत हैं। मोनाको लीग में सात अंकों के साथ 19वें पायदान पर स्थित है और अगर क्लब सीजन के अंत तक आखिरी तीन स्थानों से बाहर नहीं निकल पाया तो रेलिगेट हो जाएगा। 17वें स्थान पर मौजूद काएन के 12 अंक हैं।

बीबीसी ने हेनरी के हवाले से बताया, हम नाजुक हालात से गुजर रहे हैं और सभी इस बारे में जानते हैं। हमारे कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने को हम एक तर्क के रूप में पेश नहीं कर सकते।

आरआईएल ने सॉफ्टवेयर विकास के लिए सहायक कंपनी बनायी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शुक्रवार को यूरोप में सॉफ्टवेयर विकास कारोबार में उतरने की तैयारी करते हुए जिओ एस्टोनियो ओयू नाम से एक सहायक कंपनी के गठन की घोषणा की। आरआईएल ने बीएसई को दी गयी जानकारी में कहा है, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज इंवेस्टमेंट एंड होल्डिंग्स लिमिटेड (आरआईआईएचएल) ने 22 नवंबर, 2018 को एस्टोनियो में जिओ एस्टोनियो ओयू नाम से कंपनी का गठन किया। जिओ एस्टोनियो ओयू की संपूर्ण चुकता पूंजी आरआईआईएचएल के पास है। उसमें कहा गया है कि जिओ एस्टोनियो ओयू कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की प्रौद्योगिकी से जुड़ी पहलों के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करेगी और परामर्श उपलब्ध कराएगी।

पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोज कुछ सीख रहे हैं खलील अहमद

मेलबर्न (आरएनएस)। भारत के युवा तेज गेंदबाज खलील अहमद अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोज कुछ सीख रहे हैं और उन्हें यहां की तेज तथा उछालभरी पिचों पर गेंदबाजी करने में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार से काफी मदद मिल रही है। खलील ने शुक्रवार को रद्द हुए दूसरे टी20 मैच में दो विकेट लिए।

उन्होंने कहा, 'यहां हालात अलग है। वेस्टइंडीज के खिलाफ या एशिया कप में हमने उपमहाद्वीप या मिलती जुलती पिचों पर खेला।

ऑस्ट्रेलिया में अधिक अभ्यास सत्र नहीं थे तो यह भांपना मुश्किल था कि किस लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी करनी है।'

उन्होंने कहा, 'यहां खेलना आसान नहीं था। अभ्यास के बिना अचानक टी20 मैच खेलना मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती जा सकती क्योंकि वे अंत तक हार नहीं मानते।'

खलील ने कहा, 'पिछले कुछ महीने में मैंने काफी कुछ सीखा है मसलन पेशेवरपन, परिपक्ता और जिम्मेदारी। इसमें भुवनेश्वर कुमार जैसे सीनियर गेंदबाजों से मुझे काफी मदद मिली।'

जानिए वास्तु टिप्स के अनुसार कहा लगाये घर में आईना

नई दिल्ली। हां, यह बात सच है कि ऑफिस में और घर में मिरर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मिरर का घर और ऑफिस में सही जगह लगा होना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। कई लोग इन तथ्यों को सच नहीं मानते हैं लेकिन वास्तव में इन बातों का प्रभाव जीवन में पड़ता है। मिरर के स्थान के बारे में वैज्ञानिक रूप से कई बातें फफ हो चुकी हैं। ऐसा माना जाता है कि घर या ऑफिस में मिरर सही स्थान में रखा होने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। वास्तु

के अनुसार, किसी भी जगह पर मन - मुताबिक मिरर लगा देना सही नहीं होता है, इससे घर में निगेटिव एनर्जी आती है। यहां घर और ऑफिस में मिरर लगाने के बारे में कुछ टिप्स बताएं जा रहे हैं। घर के लिए मिरर मिरर कभी भी अपने बेडरूम में न रखें या ऐसी जगह न रखें जिससे मिरर में बेड दिखे। इससे घर में बीमारी आती है और निगेटिव एनर्जी भी फैलती है। मिरर से घर का मुख्य दरवाजा भी नहीं दिखना चाहिए, वरना घर में नकारात्मकता स्थान ले लेती है। ऑफिस के लिए मिरर वास्तु टिप्स -आप जहां भी काम करते है, उस जगह पर सकारात्मक ऊर्जा का होना अति आवश्यक है ताकि आप ज्यादा से ज्यादा मन लगाकर काम कर सकें। ऑफिस में मिरर को अपने साथ रखें, इससे आपको एनर्जी मिलेगी। आप चाहें तो लॉकर या अलमारी के सामने इसे रख सकते हैं। संकुचित स्थानों पर मिरर का इस्तेमाल न करें यानि उन्हें न लगाएं, इससे निगेटिव एनर्जी आएगी।

आप चाहें तो मिरर को खिड़की की विपरीत दिशा में अपने क्यूबिकल में रख सकते है। कभी भी मिरर को इस प्रकार न रखें कि आपको ऑफिस का मेन गेट दिखाई दे।

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन मध्यम फलदायी है। खर्च में संयम रखने की सलाह है क्योंकि आज धन खर्च का विशेष योग है। धन संबंधी एवं लेन-देन में सावधानी रखने की जरूरत है।

वृषभ: आज का दिन शुभ फलदायी है। रचनात्मक और कलात्मक शक्ति यों में वृद्धि होगी। आर्थिक योजना बना सकेंगे। आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे खर्च हो सकता है।

मिथुन: दिन आज प्रतिकूल हो सकता है। कार्य में सावधानी बरतें। परिजनों एवं संतानों से अनबन हो सकती है। उकावा एवं आवेश को अंकुश में रखें ताकि बात बिगड़े नहीं। स्वास्थ्य नरम रह सकता है।

कर्क: दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। स्त्री मित्रों से विशेष लाभ मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

सिंह: कारोबार के लिए दिन श्रेष्ठ। आज हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होगा। पदाधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी। पिता की ओर से लाभ के संकेत हैं। सरकारी कार्यों में लाभ मिलेगा। आरोग्य अच्छा रहेगा। गृहस्थजीवन मधुरतापूर्ण रहेगा।

कन्या: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। स्त्री मित्रों से लाभ होना संभव है। धार्मिक कार्य तथा धार्मिक यात्रा में व्यस्त रहेंगे। विदेश में रहनेवाले स्नेहीजनों के समाचार से आनंद होगा।

तुला: भाषा और व्यवहार पर संयम रखें। शत्रुओं से सावधान रहें। लघिवत का ध्यान रखें। रहस्यमयी बातें और गूढविद्या के प्रति आप आकर्षित होंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अच्छा समय है।

वृश्चिक: मित्रों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, छोटे पर्यटन तथा भोजन और वस्त्र-परिधान इत्यादि से आप बहुत आनंदित रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी और सम्मानित किए जाने की संभावना हैं।

धनु: आज आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। नौकरी करनेवाले लोगों को नौकरी से लाभ और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। कार्य सिद्धि होगी तथा यश मिलेगा।

मकर: मन चिंताग्रस्त और बुध्धियुक्त रहेगा। आज के दिन कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें क्योंकि आज भाग्य साथ नहीं देगा। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कुंभ: मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा। धनोपार्जन सम्बधित योजना बन सकती हैं। स्त्रियों के आभूषण, वस्त्र, सौंदर्य-प्रसाधन के पीछे धन खर्च होगा। माता से लाभ होने की संभावना है। विद्याप्राप्ति में सफलता मिलेगी।

मीन: दिन शुभ फलदायी होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ हैं। जीवनसाथी के साथ समय अच्छी तरह से बीतेगा। मित्रों के साथ छोटे पर्यटन का सफल आयोजन होगा। भाई-बंधुओ से लाभ होगा।

घर में बनाएं टेस्टी पिज़्ज़ा, जानिए रेसिपी

पिज़्ज़ा देखते ही बच्चों से लेकर बड़ों के मुंह में पानी आ जाता है. ये होता ही इतना टेस्टी है कि कोई भी रोक नहीं पाटा खुद को. मार्केट में कई तरह के पिज़्ज़ा मिलते हैं जिन्हें सभी बड़े ही चाव से खाते हैं. लेकिन बाहर मिलने वाला पिज़्ज़ा सेहत के लिहाज से सही नहीं है. ऐसे में आप घर पर ही आसानी से पिज़्ज़ा बनाकर खा सकते हैं. आज हम आपको ब्रोकली पिज़्ज़ा की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हेल्दी भी होगा. तो चलिए जानते हैं घर पर पिज़्ज़ा बनाने की रेसिपी.

सामग्री:-

पिज़्ज़ा बेस- 1

पाइज़- 1

ब्रोकोली- 1,1/2 कप (उबली और कटी हुई)

वर्जिन ऑलिव ऑयल- 1,1/2 टेबलस्पून

नमक- जरूरत अनुसार

मेडेज़ चीज़- 2 कप

लहसुन का पेस्ट- 1 कली

मरिनारा सॉस- 1/4 कप

पिज़्ज़ा बनाने की रेसिपी:

* सबसे पहले ओवन को 400 डिग्री सेल्सियस पर प्रहीट करें. तब तक आप प्याज़ को गोलाई आकार में काट लें.
* बाउल में डेढ़ टेबलस्पून वर्जिन ऑलिव ऑयल और लहसुन के पेस्ट को मिक्स करें.
* फिर इस मिक्श्रण को पिज़्ज़ा बेस पर लगाएं और इसे 10 मिनट तक बेक करें.
* इसके बाद पिज़्ज़ा बेस पर चीज़ लेयर फैलाएं. फिर इस पर ब्रोकली, नमक और कटे हुए प्याज डालें.
* अब पिज़्ज़ा बेस को ओवन में 15 मिनट तक बेक कर लें. जब चीज़ मेल्ट हो जाए तो इसे बाहर निकाल लें.
* ओवन से बाहर निकालने के बाद आप इसे 6 स्लाइस में काट लें. आपका पिज़्ज़ा बनकर तैयार है. अब आप इसे मरिनारा सॉस के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें.

शब्द सामर्थ्य-97

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबादीं, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 96 का हल

चु	स्त			मु		सं	स्था	न
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू-दोकू-97

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 कर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भरा सकते है।
3. बार्ड से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.96का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5